## अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक की कलम से...




**1 जून, 2026**

**प्रिय साथियो,**

मुझे यह साझा करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि एनएचपीसी ने 8 मई 2026 को 2000 मेगावाट क्षमता वाली सुबनसिरी लोअर परियोजना की यूनिट#4 (250 मेगावाट) के सफल वाणिज्यिक परिचालन की घोषणा के साथ एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि के साथ परियोजना की कुल परिचालित क्षमता अब 1000 मेगावाट हो गई है। मैं सुबनसिरी लोअर परियोजना की पूरी टीम तथा इससे जुड़े सभी विभागों को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई देता हूँ। यह सफलता उनकी प्रतिबद्धता, अथक परिश्रम और दृढ़ संकल्प का प्रतिफल है।

वित्त वर्ष 2025-26 के लिए कंपनी के वित्तीय परिणाम घोषित किए जा चुके हैं। इस वित्तीय वर्ष के दौरान कंपनी ने 3,618 करोड़ रुपए का स्टैंडअलोन कर-पश्चात लाभ (PAT) अर्जित किया, जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 17 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है। वहीं, कंपनी का समेकित शुद्ध लाभ 4,220 करोड़ रुपए रहा, जो गत वर्ष की तुलना में 24 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि को प्रदर्शित करता है। कंपनी के सुदृढ़ वित्तीय प्रदर्शन तथा शेयरधारकों के लिए मूल्य सृजन के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को पुनः रेखांकित करते हुए, निदेशक मंडल ने प्रति इक्विटी शेयर 0.21 रुपये के अंतिम लाभांश की अनुशंसा की है। यह लाभांश पहले से घोषित 1.40 रुपए प्रति शेयर के अंतरिम लाभांश के अतिरिक्त है। इस प्रकार, वित्त वर्ष 2025-26 के लिए कुल लाभांश 1.61 रुपए प्रति इक्विटी शेयर हो गया है।

माह के दौरान एनएचपीसी ने विभिन्न संसदीय समितियों की बैठकों एवं अध्ययन दौरों में सक्रिय भागीदारी की, जिनमें अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। ये सहभागिताएँ पारदर्शिता, जवाबदेही, समावेशी विकास तथा संस्थागत उत्कृष्टता के प्रति एनएचपीसी की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

14 मई 2026 को पहलगाम में आयोजित "साइबर सुरक्षा – मुद्दे, चुनौतियाँ एवं आगे की राह" विषयक संसदीय स्थायी समिति की बैठक के दौरान मैंने समिति को एनएचपीसी की प्रगति पर चल रही परियोजनाओं, परिचालित पावर स्टेशनों, भावी योजनाओं तथा साइबर सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने हेतु किए जा रहे उपायों के बारे में अवगत कराया।

श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), ने गंगटोक में आयोजित "शिक्षा हेतु सीएसआर प्रयास" विषयक विभाग-संबंधित संसदीय स्थायी समिति की बैठक में भाग लिया तथा एनएचपीसी की परियोजनाओं एवं शिक्षा क्षेत्र में संचालित सीएसआर पहलों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने श्रीनगर में आयोजित अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण संबंधी संसदीय समिति के अध्ययन दौरे में भी भाग लिया, जहाँ रोजगार में ओबीसी प्रतिनिधित्व एवं उनके कल्याण के लिए एनएचपीसी द्वारा उठाए गए कदमों को प्रस्तुत किया गया।

श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएँ), ने श्रीनगर में आयोजित वित्त संबंधी स्थायी समिति की बैठक में भाग लेते हुए एनएचपीसी की परियोजनाओं के क्रियान्वयन तथा समय एवं लागत वृद्धि से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने गांधीनगर में संविधान (129वाँ संशोधन) विधेयक, 2024 तथा संघ राज्य क्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक, 2024 पर गठित संयुक्त समिति के समक्ष "एक राष्ट्र, एक चुनाव" विषय पर एनएचपीसी के विचार प्रस्तुत किए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने गुलमर्ग में आयोजित सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता संबंधी स्थायी समिति के अध्ययन दौरे के दौरान सीएसआर पहलों एवं समावेशी नीतियों से संबंधित चर्चाओं में भी भागीदारी की।

**माह की अन्य प्रमुख उपलब्धियाँ निम्नलिखित हैं:**

- मई 2026 के दौरान एनएचपीसी का राजस्व 728.80 करोड़ रुपए रहा । मई 2026 तक कंपनी का कुल संचयी राजस्व 1,164.38 करोड़ रुपए दर्ज किया गया।

- मई 2026 में एनएचपीसी का कुल विद्युत उत्पादन 3,145 मिलियन यूनिट (एमयू) रहा, जबकि मई 2026 तक संचयी विद्युत उत्पादन 5,487 मिलियन यूनिट (एमयू) दर्ज किया गया।

- सीएसआर के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करते हुए, 22 मई 2026 को राष्ट्रीय महिला आयोग में महिलाओं के निवारक स्वास्थ्य देखभाल एवं कैंसर की शीघ्र पहचान हेतु एक मोबाइल मेडिकल यूनिट का शुभारंभ किया गया। इस पहल का उद्घाटन महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर द्वारा राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष, आयोग की अतिरिक्त सचिव तथा एनएचपीसी लेडीज़ क्लब की अध्यक्षा की उपस्थिति में किया गया। यह मोबाइल मेडिकल यूनिट दिल्ली-एनसीआर और फरीदाबाद क्षेत्र की लगभग 1,500 से 2,000 महिलाओं को प्रतिमाह लाभान्वित करेगी तथा समावेशी स्वास्थ्य सेवाओं और महिला सशक्तिकरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगी।

- सीखने की संस्कृति और सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, 15 मई 2026 को एनएचपीसी आवासीय परिसर, फरीदाबाद में "ज्ञानधारा पुस्तकालय" का उद्घाटन किया गया। एनएचपीसी परिवारों और बच्चों में पठन-पाठन की आदत तथा बौद्धिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्थापित यह पहल हमारे इस विश्वास को प्रतिबिंबित करती है कि ज्ञान ही प्रगति और आजीवन सीखने का आधार है।

- संसदीय राजभाषा समिति की द्वितीय उपसमिति ने 18 मई 2026 को गंगटोक, सिक्किम में तीस्ता लो डैम-III एवं IV तथा तीस्ता-V पावर स्टेशनों में राजभाषा के कार्यान्वयन की समीक्षा की।

- ‘स्वच्छता पखवाड़ा 2025’ का आयोजन 16 से 31 मई 2026 तक एनएचपीसी के सभी कार्यालयों, परियोजनाओं एवं विद्युत स्टेशनों में किया गया। आइए, हम सभी स्वच्छता को अपनी साझा जिम्मेदारी और जीवनशैली का अभिन्न अंग बनाए रखने का संकल्प लें।

श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी में अपने गौरवपूर्ण कार्यकाल के उपरांत सेवानिवृत्त हुए। उनके कार्यकाल की पहचान समर्पित सेवा, जन-केंद्रित नेतृत्व तथा मानव संसाधन प्रणालियों, कर्मचारी कल्याण, औद्योगिक संबंधों एवं संगठनात्मक संस्कृति को सुदृढ़ बनाने में उनके महत्वपूर्ण योगदान के रूप में की जाएगी। एनएचपीसी परिवार की ओर से मैं उनके अमूल्य योगदान के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ तथा उनके एवं उनके परिवार के उत्तम स्वास्थ्य, सुख और समृद्धि की कामना करता हूँ।

ऐसे समय में जब हमारा राष्ट्र निरंतर बदलती भू-राजनीतिक एवं सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रहा है, प्रत्येक नागरिक का राष्ट्रीय संरक्षण एवं संसाधन-संरक्षण के प्रयासों में योगदान देना आवश्यक है। मैं सभी कर्मचारियों से अनावश्यक ईंधन खपत को कम करने तथा अपने दैनिक जीवन में ऊर्जा-कुशल व्यवहार अपनाने का आग्रह करता हूँ। भारत की अग्रणी स्वच्छ ऊर्जा कंपनी के रूप में एनएचपीसी के कर्मचारियों को जिम्मेदार ऊर्जा उपयोग को बढ़ावा देने में उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए।

एनएचपीसी को राष्ट्रीय एवं सामरिक महत्व की अनेक प्रतिष्ठित परियोजनाओं के क्रियान्वयन का दायित्व सौंपा गया है। अतः मैं सभी सहकर्मियों से अपेक्षा करता हूँ कि वे व्यावसायिकता, प्रतिबद्धता, नवाचार और टीम भावना के उच्चतम मानकों का निरंतर प्रदर्शन करें। हमें उत्पादकता बढ़ाने, श्रेष्ठ कार्य-पद्धतियों को अपनाने तथा चुनौतियों का सक्रिय रूप से समाधान करने पर अपना ध्यान केंद्रित रखना होगा। हमारे सामूहिक प्रयास न केवल एनएचपीसी की सफलता को सुनिश्चित करेंगे, बल्कि विश्वसनीय, किफायती और स्वच्छ ऊर्जा के माध्यम से राष्ट्र की आकांक्षाओं को भी साकार करने में योगदान देंगे।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि हमारी समर्पित कार्यशक्ति, सशक्त तकनीकी क्षमताओं और उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के बल पर एनएचपीसी भविष्य में भी नई उपलब्धियाँ स्थापित करेगा और पहले से अधिक सशक्त होकर उभरेगा।

आपका,

भूपेन्द्र गुप्ता

**(भूपेन्द्र गुप्ता)**
**अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक**

## From CMD’s Desk




**1 June, 2026**

**Dear Colleagues,**

I am delighted to share that NHPC has achieved another historic milestone with the successful declaration of Commercial Operation of Unit # 4 (250 MW) of the 2000 MW Subansiri Lower Project on 8$^{th}$ May 2026. With this achievement, the project has now attained 1000 MW operational capacity. I congratulate entire Subansiri Lower Project team and associated divisions on this accomplishment which reflects their dedication and perseverance.

We have declared Company’s financial result for FY 2025–26. The Company reported Standalone Profit After Tax (PAT) of Rs. 3618 Crore during the financial year, registering an impressive growth of 17% over the previous fiscal. The Consolidated Net Profit stood at Rs. 4220 Crore, reflecting a robust increase of 24% as compared to last year. Further reaffirming the Company’s strong financial performance and commitment towards shareholder value creation, the Board of Directors has recommended a final dividend of Rs. 0.21 per equity share in addition to the interim dividend of Rs. 1.40 per share already declared, taking the total dividend for FY 2025-26 to Rs. 1.61 per equity share.

NHPC actively participated in several Parliamentary Committee meetings and study visits during the month deliberating on important subjects. These engagements reflect NHPC’s continued commitment towards transparency, accountability, inclusive development and institutional excellence.

During the Parliamentary Standing Committee meeting on Cyber Security-Issues, Challenges and Way Forward held at Pahalgam on 14 May 2026, I briefed the Committee on NHPC’s ongoing projects, operational stations, future plans and the measures being undertaken to strengthen cyber security resilience.

Shri Uttam Lal, Director (Personnel) attended Department-related Parliamentary Standing Committee on "CSR Efforts for Education" at Gangtok and deliberated on NHPC's projects and educational CSR initiatives. He also participated in the Study Visit of the Parliamentary Committee on Welfare of Other Backward Classes at Srinagar, where NHPC's measures for OBC representation and welfare in employment were presented.

Shri Sanjay Kumar Singh, Director (Projects), attended Standing Committee on Finance at Srinagar and deliberated on NHPC's project execution and issues relating to time and cost overruns. He presented NHPC's views on "One Nation, One Election" before the Joint Committee on the Constitution (129th Amendment) Bill, 2024 and the Union Territories Laws (Amendment) Bill, 2024 at Gandhinagar. He also participated in discussions on CSR initiatives and inclusive policies during the Study Visit of the Standing Committee on Social Justice & Empowerment at Gulmarg.

**Other major highlights of the month include:**

- In May 2026, NHPC's revenue stood at Rs.728.80 crore. Total cumulative revenue till May 2026 stood at Rs.1164.38 crore.

- The total generation for the month of May 2026 was 3145 MU and cumulative generation up to May 2026 was 5487 MU.

- Our CSR commitment was further strengthened with the inauguration of a Mobile Medical Unit for women's preventive healthcare and early cancer detection at the National Commission for Women on 22nd May 2026. The initiative, inaugurated by Smt. Savitri Thakur, Hon'ble Union Minister of State for Women & Child Development, in the presence of Chairperson, NCW, Addl. Secretary, NCW and President, NHPC Ladies Club. This will benefit nearly 1,500-2,000 women every month across Delhi-NCR and Faridabad, reinforcing our commitment to inclusive healthcare and women empowerment.

- Another step towards nurturing learning and community engagement was the inauguration of the "Gyandhara Library" at the NHPC Residential Complex, Faridabad on 15 May 2026. Designed to promote reading habits and intellectual growth among NHPC families and children, this initiative reflects our belief that knowledge is the foundation of progress and lifelong learning.

- The second Sub-Committee of the Parliamentary Official Language Committee conducted a review of Official Language implementation of Teesta Low Dam- III & IV and Teesta-V Power Stations on 18th May 2026 at Gangtok, Sikkim.

- Swachhta Pakhwada 2025' was observed across all NHPC locations from 16th to 31st May 2026. Let us continue to uphold cleanliness as a shared responsibility and way of life.

Shri Uttam Lal, Director (Personnel), superannuated after a distinguished tenure with NHPC marked by dedicated service and strong people-centric leadership. He made significant contributions in strengthening HR systems, employee welfare, industrial relations and organizational culture. On behalf of the NHPC family, I extend sincere appreciation for his

valuable contribution and wish him and his family good health and happiness in the years ahead.

At a time when our nation faces evolving geopolitical and security challenges, every citizen has a responsibility towards national conservation efforts. I urge all employees to consciously reduce unnecessary fuel consumption and adopt energy-efficient practices in daily life. As India’s premier clean energy organization, NHPC employees must lead by example in promoting responsible energy usage.

NHPC has been entrusted execution of several prestigious projects of strategic and national importance, therefore, I urge all colleagues to continue demonstrating the highest standards of professionalism, commitment, innovation, and teamwork. Let us remain focused on enhancing productivity, adopting best practices and resolving challenges proactively. Our collective efforts will not only contribute to the success of NHPC but also support the nation's aspirations for reliable, affordable and clean energy.

I am confident that with our dedicated workforce, strong technical capabilities, and unwavering commitment to excellence, NHPC will continue to set new benchmarks and emerge stronger than ever.

Sincerely Yours,

**(Bhupender Gupta)**
**Chairman & Managing Director**